# 109356 - वह तवाफ़ के दौरान एक घंटा आराम करने के लिए बैठ गया

## प्रश्न

एक आदमी ने तवाफ़ के दो चक्कर लगाए, लेकिन सख़्त भीड़ होने के कारण वह तवाफ़ से बाहर निकल गया और एक या दो घंटे के लिए आराम किया, फिर तवाफ़ करने के लिए दोबारा वापस आ गया। क्या वह फिर से तवाफ़ शुरू करेगा, या वह अपना तवाफ़ वहीं से पूरा करेगा जहाँ से उसने छोड़ा था?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

“यदि अंतराल लंबा है, जैसे कि एक या दो घंटे, तो उसपर तवाफ को दोहराना अनिवार्य है। लेकिन अगर अंतराल थोड़ा है, तो इसमें कोई हर्ज नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि तवाफ़ और सई में निरंतरता शर्त है, अर्थात चक्कर लगाने का कार्य लगातार और एक-दूसरे के बाद होना चाहिए। इसलिए यदि उनके बीच एक लंबा अतराल हो जाता है, तो पहले के चक्कर अमान्य हो जाएँगे और उसके लिए नए सिरे से तवाफ करना अनिवार्य है। लेकिन अगर अंतराल लंबा नही है, जैसे कि वह दो या तीन मिनट के लिए बैठ गया, फिर उसे पूरा कर लिया, तो इसमें कुछ भी हर्ज नहीं है।” उद्धरण समाप्त हुआ।

“मजमूओ फतावा इब्ने उसैमीन” (22/293)।